सार-समाचार

शिवालय में रुद्राभिषेक किया

रतनगढ़ (निसं)। श्रावण मास के प्रथम सोमवार की रात्रि में दादू द्वारा आश्रम रतनगढ़ में विद्वान पंडितों द्वारा भूत भावन भगवान महाकालेश्वर शिवालय दादू द्वारा आश्रम में महंत श्री देवा दास जी महाराज, हेमलता बाई राम महाराज के सानिध्य में गौड फ्रूट कंपनी के बजरंग लाल दौलत राम माली के द्वारा 4 प्रहर रुद्राभिषेक किया गया। रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक। श्री महाकाल भगवान को चार बार स्नान, दूध, दही, शहद, पंचामृत, गन्ने का रस, पपीते का रस, संतरे का रस, मन्त्रों द्वारा अर्पित किया गया। आरती और जयकारों के साथ भव्य दिव्य रुद्राभिषेक संपन्न किया गया। पूरी रात्रि इंद्र भगवान द्वारा सहस्त्र धारा बरसाई गई, वह जल भी बाबा को अर्पित किया गया। सुनील चोटिया, जगदीश नाई, दीनदयाल सोनी, अरविंद महर्षि, बाबू भाई प्रजापत, गोविंद प्रसाद सरदारशहर राकेश पापटान चूरु। उपस्थित रहे फलाहार प्रसादी और जयकारों के साथ आनंद पूर्वक रुद्राभिषेक किया गया।

बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ क्षेत्र में हुई भारी बारिश ने आमजन की मुश्किलें बढ़ा दी है। निचले इलाकों में पानी भर गया है, जिससे मुख्य बाजारों सहित कई वार्ड जलमग्न हो गए हैं. मुख्य बाजारों में पानी भरने से नगर पालिका और (राजस्थान शहरी आधारभूत संरचना विकास परियोजना) के ड्रेनेज और सीवरेज व्यवस्था के दावों की पोल खुल गई है। बारिश का पानी मुख्य बाजारों की दुकानों में घुस गया है, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड रहा है. करीब 34 करोड रुपये की ड्रेनेज योजना का भी आमजन को कोई लाभ नहीं मिला है. हर साल की तरह इस साल भी लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड रहा है. ऐसा लगता है कि प्रभावी मॉनिटरिंग के अभाव में इस योजना का सफल संपादन नहीं हो पाया है.यह स्थिति रतनगढ में जल निकासी की गंभीर समस्या को उजागर करती है, जिस पर तत्काल ध्यान देने और प्रभावी समाधान की आवश्यकता है।

गौशाला संपत्ति के नुकसान का मामला दर्ज

बीदासर (निसं)। कस्बे के सीकर नोखा रोड स्थित श्री बीदासर गौशाला में शनिवार को गौशाला पदाधिकारियों और कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट, दूध की छीनाझपटी, गौशाला प्रांगण में तोड़फोड़ व गौशाला संपत्ति के नुकसान पहुंचाने की घटना को लेकर पुलिस थाने में दर्ज नामजद व 50 अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के विरोध में बुधवार को चूरू जिले की समस्त गौशालाओं के संचालक एवं पदाधिकारी जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करेंगे। इसको लेकर गौ ग्राम सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष ललित दाधीच ने बताया की कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बीदासर में गौशाला संचालकों के साथ मारपीट कर उत्पात मचाना, गौशाला में तोड़फोड और दूध की भरी टंकियों को छीन कर ले जाना निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान है। मामले को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।

बिजली आपूर्ति की लेकर ज्ञापन दिया

बीदासर (निसं)। भरताणिया जोहड़ के ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय में एसडीएम अमीलाल यादव को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन देकर भरताणिया जोहड की ढाणियों में पूर्व के भाति 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि पिछले 6 वर्षों से बिजली की सप्लाई नाडिया जीएसएस से नियमित 24 घंटे दी जाती थी, लेकिन 12 जून 2025 से सप्लाई केवल 6 घंटे ही दी जा रही है, और सप्लाई की लाईन ढाणी कालेरान से जोड दी गई है। इन ढाणीयों में सैकडो की संख्या में विद्युत कनेक्शन है, लेकिन विद्युत सप्लाई केवल 6 घंटे किए जाने के बाद ढाणीयों में निवास करने वाले लोगों को इस भयंकर गर्मी व उमस में जीना दुभर हो गया है। ग्रामीणों ने पूर्व के भांति 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट गोविंद मेघवाल, चंद्रकांत, नानूराम, पूसाराम, राकेश, सांवरमल, भंवरलाल, तिलोकाराम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रवेश दस्तावेज सत्यापन व फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 16 जुलाई

पाटन (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर (प्रवेश 2025) की मेरिट व प्रतीक्षा सूची के छात्रों के लिए दस्तावेज सत्यापन व फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 16 जुलाई तय की गई है। प्राचार्य मदन लाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र मूल दस्तावेजों व स्वप्रमाणित प्रतियों सहित कॉलेज में उपस्थित होकर सत्यापन कराएं और उसी दिन ई-मित्र पर फीस जमा कर प्रवेश सुनिश्चित करें। गैप वाले छात्र 10 रुपए के स्टाम्प पर अंतराल प्रमाण पत्र अवश्य लाएं।

'एक पेड़ मां के नाम' पौधे लगाए

रतनगढ़ (निसं)राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय देवीपुरा में हरियालो राजस्थान अभियान के अन्तर्गत पौधारोपण किया। विद्यालय के स्काउट मास्टर राकेश कुमार ने बताया बताया कि विद्यालय के स्काउट,विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हरियालो राजस्थान अभियान के अन्तर्गत एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने पौधों की देखभाल करने के लिए विद्यालय के स्काउट, विद्यार्थियों और शिक्षकों को संकल्प दिलवाया ।पौधारोपण में शिक्षक लविका शर्मा, सविता मीणा, कविता,रेखा शर्मा, निर्मला,गिरवर सिंह सहित विद्यालय के स्काउट और विद्यार्थियों ने सहयोग किया।

भागवत कथा आयोजित

रतनगढ़ (निसं)। शिवाजी सेवा संस्थान के प्रांगण में चातुर्मास के अंतर्गत हो रही भागवत कथा में कथा वाचक बालसंत रामकृष्ण शास्त्री ने कहा कि मन पर नियंत्रण होने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन होते हैं । नियमित ध्यान एकाग्रता से मन पर नियंत्रण रहता है । मन के भाव सही हो तो भगवत प्राप्ति में देर नहीं लगती। शास्त्री ने आज भगवान कृष्ण ,अर्जुन और भीष्म प्रसंग पर कथा में विस्तार से बताया। भागवत कथा में हनुमान सिंह शेखावत, रामरतन प्रजापत, पत्रकार वरिष्ठ पत्रकार ओम सारस्वत, महावीरप्रसाद सेवदा, विनोदकुमार शर्मा, बन्नेसिंह सहित काफी संख्या में धर्म श्रद्धालु उपस्थित थे।

जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आज

सीकर (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से 11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में 16 जुलाई को दिवस मनाया जाएगा। एडीशनल सीएमएचओ डॉ हर्षल चौधरी ने बताया कि 16 जुलाई को सुबह 10 बजे जिला परिषद सभागार में दिवस मनाया जाएगा। समारोह में परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करवाने वाले अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों, एनजीओ, जन प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा।

वृक्षारोपण कर जयंति मनाई

रतनगढ़ (निसं)। पूर्व विधायक पंडित जयदेव प्रसाद इंदौरिया की 103 वीं जयंती के उपलक्ष में कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सोनी के नेतृत्व में भूतनाथ शिवालय में कार्यकर्ताओं व छात्र-छात्राओं के साथ वृक्षारोपण कर जयंती मनाई। इस अवसर पर कमल सैनी, ललित दर्जी, प्रदीप सिसोदिया, वेद प्रकाश शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

भोलेनाथ को चांदी का छत्र चढ़ाया

बीदासर (निसं)। सावन महिनें में दडीबा के बाबा भूतनाथ महादेव मंदिर में मंगलवार को भी रूद्राभिषेक कार्यक्रम हुआ। सोमवार की रात्रि में शिवलिंग का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश पुत्र मगाराम खुडिया द्वारा 51 तोले चांदी से बना विशेष छत्तर बाबा भोलेनाथ को चढ़ाया। इस अवसर पर समिति के द्वारा चंद्र प्रकाश खुडिया का सम्मान कर आभार प्रकट किया गया। इस पर समिति के अध्यक्ष संदीप सुथार, मनमोहन शर्मा, अशोक शर्मा, पवन पारीक, मदन भाटी, रेवंत राम भोभरिया, मुकेश सोकल, औम प्रकाश किरोडीवाल सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

पौधारोपण किया

बीदासर (निसं)। कस्बे में सोमवार की देर शाम अणुव्रत समिति द्वारा हाल ही में उपखंड कार्यालय के पास बनाई गई अणुव्रत वाटिका में पौधारोपण कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष एडवोकेट दीन दयाल प्रजापत के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर वाटिका में अनेक किश्म के पौधो का पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव, मौनु जाखड, गोपाल छापोला, एडवोकेट महेश छापोला सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

मूसलाधार बारिश से राजकीय चिकित्सालय सहित घरों एवं दुकानों में पानी भरा

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर कस्बे में मंगलवार को करीब प्रात: 4 बजे मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ जो लगातार 4 घंटे तक जारी रहा।

इस तेज बारिश के चलते वही किसान लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे थे उनकी फसलों को बहुत फायदा होगा लेकिन राजलदेसर नगर पालिका प्रशासन कि इस बरसात ने आपदा प्रबंधन की पूरी तरह से पोल खोल दी नगर पालिका की लापरवाही के चलते कस्बे के मुरडाई बस्ती में लगे पंप हाउस में समय पर डीजल भी पंप सेट में डालने के लिए नहीं था। जिसका आसपास के लोगों ने अपने ट्रैक्टरों से डीजल निकाल कर जनरेटर सेट में डाला वही कस्बे की मुख्य गैनाणी जो राजकीय चिकित्सालय के पास है उसमें भी लाइट जाने के बाद तेल नहीं था।

गांव के लोगों ने उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा को फोन कर अवगत कराया उसके बाद में सभी पंप हाउस में लगे जनरेटर सेट में तेल डाला गया । इसके अलावा पूर्व में भी जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने संबंधित नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को मानसून से पूर्व जहां पर बरसाती पानी इकट्ठा होता है। वहां पर अस्थाई तौर पर पंपसेट लगाने की बात कही। लेकिन नगर पालिका की लापरवाही का कस्बे वासियों को आज बहुत नुकसान उठाना पड़ा जिसमें राजकीय चिकित्सालय के अंदर डॉक्टर के क्वार्टर, नर्सिंग क्वार्टर, लेबर रूम , ओपीडी हॉल इसके अलावा अस्पताल के सामने वाली दुकानें। गांधी चौक में निवास करने वाले घरों व दुकानों में इसके अलावा मुरलाई बस्ती के अंदर घरों के अंदर पानी घुस गया जिससे काफी नुकसान हुआ।

रेलवे अंडर ब्रिज भी पानी से खचाखच भरा था। इसके अलावा कस्बे के मुख्य मार्ग बस स्टैंड, महेंद्र मुनि मार्ग , फ्रेंड्स सोसायटी मार्ग , बालिका विद्यालय के आगे , अंजनी माता मार्ग सहित अन्य स्थानों पर जलभराव के चलते आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भारी बरसात के चलते स्कूली बच्चों की छुट्टी करनी पड़ी। सुजानगढ़ अतिरिक्त जिला कलेक्टर मंगलाराम गोदारा, तहसीलदार जितेन्द्र सिंह ने भी जलभराव स्थानों का निरीक्षण किया । तथा अधिकारियों को जल्द से जल्द पानी की निकासी करवाने के लिए निदेशित किया। एडीएम मंगलाराम ने कहा कि लगातार तेज बारिश के चलते इस प्रकार के हालात बने हैं जल्दी ही इससे निजात मिलेगा।

राजलदेसर कस्बे में मूसलाधार बारिश से चारों तरफ पानी भर गया।

राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

पाटन (निसं)। नीमकाथाना शहर में मंगलवार को (राष्ट्रीय छात्र संघ) के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने एक विशाल रैली निकालकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। यह रैली स्थानीय सेठ नंद किशोर पटवारी कॉलेज से शुरू होकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची, जहां महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा गया। इस रैली का प्रमुख उद्देश्य नीमकाथाना को पुन: जिला घोषित करने और नगरपरिषद का दर्जा बहाल करना था। छात्रों ने तख्तियां लहराते और नारे लगाते हुए अपनी नाराज़गी व्यक्त की।

रैली में मौजूद छात्रों और स्थानीय युवाओं ने साफ शब्दों में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा की गई घोषणाओं को भाजपा सरकार द्वारा दरकिनार करना जनता की भावनाओं का अपमान है। छात्र नेता चेतन चौधरी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा। नीमकाथाना को जिला बनाना केवल जनभावनाओं का सवाल नहीं, बल्कि यह भौगोलिक, जनसांख्यिकीय और प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी पूरी तरह से न्यायोचित है। नगरपरिषद की बहाली क्षेत्र के विकास के लिए अनिवार्य है।

जिले के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान होगा

झुंझुनूं, (निसं)। महाराजा अग्रसेन शिक्षा एवं जन कल्याण ट्रस्ट झुंझुनूं की कार्यकारिणी सभा का आयोजन अग्रसेन भवन झुंझुनूं में मंगलवार को ट्रस्ट अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला की अध्यक्षता में किया गया। गत सभा की कार्यवाही विवरण सचिव एडवोकेट श्रवण केजड़ीवाल ने पढ़कर सुनाई। जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। कोषाध्यक्ष निर्मल मोदी की अनुपस्थिति में उनकी ओर से प्रस्तुत 31 मार्च 2025 तक का आय व्यय का विवरण सचिव केजड़ीवाल ने प्रस्तुत किया एवं अब तक की ट्रस्ट की ओर से संपन्न गतिविधियों का विवरण भी उन्होंने प्रस्तुत किया।

सभा में उपस्थित अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला, सचिव एडवोकेट श्रवण केजड़ीवाल, डॉ. डीएन तुलस्यान, रघुनाथ प्रसाद पोद्दार, संतोष हाकिम मलसीसर, रतन लाठ मलसीसर, मनोज गुप्ता सिंघाना, रमेश बाछुका चिड़ावा, नवलकिशोर गोयल सुलताना एवं अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं के अध्यक्ष गणेश हलवाई चिड़ावावाला सहित अन्य जन ने संस्था की ओर से आगामी दिनों में किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की एवं सर्वसम्मति से ट्रस्ट का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह सात सितंबर को झुंझुनूं में अग्रवाल समाज समिति के साथ अग्रसेन भवन झुंझुनूं में आयोजित किए जाने का निर्णय किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का संयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान एवं सह संयोजक रघुनाथ प्रसाद पोद्दार को बनाया गया। इसके अतिरिक्त अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं से एक सदस्य सह संयोजक एवं दस सदस्य विभिन्न कमेटियों में शामिल किए जाने का निर्णय लिया गया। सम्मान समारोह में जिलेभर के अग्रवाल छात्र छात्राएं जिन्होंने वर्ष 2025 में कॉलेज स्तर पर बीकॉम, एमकॉम, बीएससी इत्यादि में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं एवं इसके अतिरिक्त प्रोफेशनल डिग्री प्राप्त करने वाले सीए, एमबीए, एलएलबी, इंजीनियरिंग, डॉक्टरी डिग्री होल्डर्स व आईएएस, आईपीएस, आरएएस, आरजेएस आदि में सफलता प्राप्त करने पर सम्मानित किया जाएगा।

200 से अधिक युवाओं ने अंगदान का संकल्प लिया

चूरू (निसं)। विश्व युवा कौशल दिवस पर श्री देवीदास हनुमान बगीची संस्था में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार थे। इस दौरान डॉ. पुकार ने युवाओं को कौशल विकास की आवश्यकता और उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि युवा अपनी स्किल डेवलपमेंट के जरिए स्वरोजगार के अवसर तलाश सकते हैं। कार्यशाला में अंगदान की जागरूकता के प्रति विशेष जोर दिया गया। 200 से अधिक युवाओं ने कार्यशाला में भाग लिया। सभी ने अंगदान की शपथ ली और ऑनलाइन व ऑफलाइन फॉर्म भरें। युवाओं को अंगदान शपथ के प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। फाउंडेशन के प्रतिनिधि मनमोहन भाटी और हवा सिंह ने एक नए कौशल केंद्र की घोषणा की। यह केंद्र बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ ही रोजगार और स्वरोजगार से जोडने का काम भी करेगा।

विश्व युवा कौशल दिवस पर देवीदास हनुमान बगीची संस्था में कार्यशाला आयोजित हुई।

मेडिकल कॉलेज के डेंटल विभाग के एचओडी डॉ. जितेंद्र सोलंकी ने आत्मनिर्भरता के लिए कौशल प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था अध्यक्ष चंद्रमोहन सैनी ने समाज के पिछड़े और बेरोजगार युवाओं को कौशल केंद्र से जोडने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक गिरधारीलाल तंवर सहित अजीत खीचड, सत्यनारायण सैनी, चानणमल सैनी, सांवरमल सैनी, कन्हैयालाल सैनी, गुलजारीलाल सैनी, कैलाश सैनी, मगन सैनी, बजरंग बेनीवाल, दीपक और अंकित सहित बडी संख्या में षहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सीकर में 21 लाख से अधिक पौधे लगाएंगे : कलेक्टर मुकुल शर्मा

सीकर, (निसं)। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन, सीकर द्वारा गहलोत मोटर्स के सहयोग से मंगलवार, 15 जुलाई 2025 को स्मृति वन, सीकर में 'हरियालो राजस्थान' अभियान के अंतर्गत एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 2 बीघा क्षेत्र में 250 से अधिक छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए, जिनमें नीम, पीपल, बरगद आदि शामिल हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा द्वारा बरगद का पेड़ लगाकर किया गया। यह वृक्षारोपण गहलोत मोटर्स के जगदीश गहलोत की माताजी स्वर्गीय ज्ञान कंवर की स्मृति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर गहलोत ने सभी से अपनी मां के नाम एक पेड लगाने और उसकी देखभाल करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शहरवासियों और पर्यावरण प्रेमियों ने अपनी मां के नाम एक-एक पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा और संरक्षण की प्रतिज्ञा ली।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत जिला प्रशासन का लक्ष्य जिले में 21 लाख से अधिक पौधे लगाने का है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस पुण्य कार्य में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। जिला परिवहन अधिकारी ताराचंद बंजारा ने बताया कि परिवहन विभाग, सीकर द्वारा 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। गहलोत मोटर्स के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम इसी कडी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में परिवहन विभाग से जुडे अन्य हितधारकों को प्रोत्साहित कर जिले में वृक्षारोपण के इस पावन कार्य को निरंतर जारी रखा जाएगा।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, यूआईटी सचिव जेपी गॉड, आरटीओ वीरेंद्र सिंह राठौड, डीटीओ ताराचंद बंजारा, डीएफओ गुलजारीलाल जाट, वरिष्ठ निजी सचिव सर्वेश माथुर, जिला साक्षरता अधिकारी सीपी महर्षि, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड़, राज्य के प्रथम वृक्ष मित्र गोवर्धन खोखर, पूर्व उप शासन सचिव डॉ पीडी पारीक, शंकर लाल भारती, डॉ. वीके जैन, प्रवीण जांगिड जिला स्तरीय अधिकारी, कार्मिक, जनप्रतिनिधि और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान सरकार की 'हरियालो राजस्थान' पहल और भारत सरकार के 'एक पेड मॉं के नाम' अभियान के तहत मंगलवार को गुलपुरा की रोही में स्थित नाडिया जोहड़ क्षेत्र में विशाल पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड ने किया, जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू की गई 'एक पेड मॉं के नाम' मुहिम एक भावनात्मक और पर्यावरणीय अभियान है, जिसके माध्यम से हम अपनी माताओं को समर्पण के साथ प्रकृति को भी बचा रहे हैं। हर पौधा एक जीवन है, और इस जीवन को सहेजने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रहे 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत राज्य भर में वृक्षारोपण को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। इस मुहिम का मकसद पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और भावी पीढियों को स्वच्छ हवा देना है।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पौधों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी ली और ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया गया कि जलवायु परिवर्तन और बढते प्रदूषण से लडने के लिए अधिक से अधिक पेड लगाना बेहद जरूरी है।

इस मौके पर ओमप्रकाश खीचड ने मोदी सरकार की 11 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों को भी ग्रामीणजनों के समक्ष रखा, जिनमें जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई।

जनसुनवाई आज

झुंझुनूं, (निसं)। विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत संबधित समस्याओं एवं शिकायतों विद्युत सप्लाई, कनेक्शन, विद्युत मीटर, विद्युत बिल में त्रुटि सुधार, विद्युत ट्रांसफॉर्मर आदि के लिये आज सुनवाई होगी।

बेदखली सर्वसाधारण सूचना

हम जयसिंह उम्र 55 साल पुत्र श्री चिमनाराम, बीरमती उम्र 53 साल पत्नी जयसिंह समस्त जाति धाणक निवासीगण बालाण तहसील राजगढ जिला चूरू के हैं जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करते हैं कि :- यह कि हमारी पुत्रवधु प्रियंका पत्नी जितेन्द्र कुमार जो हमारे कहने मे नही चलती है तथा आवारा व बदचलन पूर्वति की है जो हमारे घर से दिनांक 01.07.2025 से हमे बिना बताये राकेश कुमार पुत्र सरजीत जाति धाणक निवासी बालाण तहसील राजगढ जिला चूरू के साथ कही चली गई थी। जिसकी गुमसुदगी रिर्पोट दिनांक 02.07.2025 को दर्ज करवाई थी। जिसका गुमसुदगी व्यक्ति पंजीयन पंजीयन क्रमांक 0032/2025 व रोजनामचा संख्या 31/2025 है। थानाधिकारी व गांव के मौंजिज व्यक्तियो द्वारा समझाईश करने पर प्रियंका ने कहां मैं तो राकेश कुमार के साथ ही रहूंगी एवं इसके साथ ही शादी करूंगी। हमारी पुत्रवधु प्रियंका पत्नी जितेन्द्र कुमार को हमारे व हमारे परिवार के साथ कोई रिश्ता नही रखना चाहते है। हम हमारी पुत्रवधु प्रियंका पत्नी जितेन्द्र कुमार को अपनी सभी चल - अचल सम्पति से बेदखल करते है। भविष्य मे हमारी चल अचल सम्पति मे हमारी पुत्रवधु प्रियंका पत्नी जितेन्द्र कुमार का कोई हक व अधिकार नही होगा। हमारी पुत्रवधु प्रियंका पत्नी जितेन्द्र कुमार द्वारा किसी व्यक्ति से कोई लेन देन किया जाता है तथा आपराधिक घटना कारित करती है तो उसमें हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

दिनांक:- 15.07.2025

शपथग्रहिता- जयसिंह व बीरमती

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 05.08.2025 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या:** 88, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, सादुलपुर के अधीन सूरतपुरा बैलास्ट डिपों में 65 एमएम गेज की 59650.00 घनमीटर स्टोन बैलास्ट (मशीन द्वारा तोड़ी) की आपूर्ति करना तथा रेलवे वैगन/हॉपर्स में लोडिंग करना, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 79280815.00, **धरोहर राशि:** Rs. 546400.00, **निविदा संख्या:** 89, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में कोलायत-फलोदी खण्ड पर 11.463 किमी. यात्री रनिंग लूप लाईन पर 60 केजी रेल से टीआरआर (पी) का कार्य करना, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 16997066.93, **धरोहर राशि:** Rs. 235000.00, **निविदा संख्या:** 90, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर/लाईन, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में बीकानेर मंडल के कानासर, बामनवाली व जगदेववाला स्टेशनों पर प्लेटफार्म सं. 1 को रेल लेवल से हाई लेवल करना तथा प्लेटफार्म की लम्बाई बढ़ाकर 480 मीटर करने का कार्य, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 81009939.80, **धरोहर राशि:** Rs. 555100.00। नोट:- अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

850-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

प्रदेश मंत्री लुगरिया के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

चूरू (निसं)। डाबला रोड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया के जन्मदिन पर मंगलवार को संत कबीर शिक्षा समिति और भाईचारा ग्रुप चूरू के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर व पौधरोपण का आयोजन किया।

रक्तदान शिविर का शुभारम्भ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड व अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक व अन्य अतिथियों ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर राजेन्द्र राठौड ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। आपका रक्त किसी को नया जीवनदान दे सकता है। इस दौरान राठौड ने लुगरिया को जन्मदिन की बधाई देते हुये इस उपलक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर की सराहना की। इस अवसर पर अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक ने लुगरिया को बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान और पौधरोपण दोनों ही प्रकृति की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। हमारे द्वारा दान किये रक्त से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जाती है।

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, सुरेश सैन बूंटिया जंगशेर खान पिथिसर, संत कबीर शिक्षा समिति के जिलाध्यक्ष महेंद्र धानक आदि ने लुगरिया को जन्मदिन की बधाई दी और रक्तदान और पौधरोपण में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने रक्तदाताओं, समर्थकों और आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए संत कबीर शिक्षा समिति और भाईचारा ग्रुप की पूरी टीम का सहयोग सदैव मेरे लिए अविस्मरणीय है। इस अवसर पर भाजपा नेता भंवर गुर्जर, हरिराम चौपडा, पवन बागड़ी, सरपंच सोनू सरोहा, पार्षद विश्वनाथ जांगिड, सलीम गोरी, विनोद सैनी, पूर्व पार्षद सांवरमल सैनी, बृजेश किराड, सुमेरमल धानका, गिरधारी धानका, सांवरमल सेन, दिलीप बावलिया, निरंजन प्रजापत, सोहनलाल सारण, मुकेश धानका छापर, प्रताप सिंह राठौड, पवन चांवरिया, पार्षद प्रतिनिधि आनंद रेगर, पूर्व सरपंच जय सिंह, रोहिताश मीणा, देवकांत शर्मा, छोटूराम भामी, बन्ने सिंह टकणेत, किशन राव, गोविन्द लुगरिया, सीताराम खरोड, विकास खन्ना लीलकी, प्रभुराम बागडी, पूर्ण होटला, सुरेंद्र लुगरिया, नन्दलाल इंदौरा सहित बड़ी संख्या में लुगरिया समर्थक, परिजन और मित्र बंधु उपस्थित थे।

डाबला रोड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर व पौधारोपण का आयोजन किया गया।

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

सुलताना, (निसं)। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित बालाजी मंदिर के पीछे बनी वर्षों पुरानी सार्वजनिक प्याऊ को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्याऊ की जमीन पर निजी ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे निर्माण की जांच की मांग की है। साथ ही, भूमाफिया किस्म के लोगों और संबंधित जनप्रतिनिधियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि उक्त प्याऊ पहले सैदपुरिया परिवार द्वारा संचालित की जाती थी और वर्ष 1995 से 1999 के बीच ग्राम पंचायत सुलताना द्वारा पंचायत कोष से इसका फिर से निर्माण कार्य करवाया गया था। लेकिन अब नगर पालिका सुलताना की मिलीभगत से इसे शंकरदास डूंगरसी दास चेरिटेबल ट्रस्ट को सौंपने की कोशिश की जा रही है। जिससे आम नागरिकों के हक और जनहित को गहरा नुकसान हो रहा है।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

E-mail Address-eonp.sdlp@yhoo.in Fax & Phone-01559-222039

क्रमाक-न.पा.रा./2025-26/2389-90 **आपत्ति सूचना** दिनांक-15.07.2025

बसर्ते साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवे। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगर पालिका राजगढ (चूरू) में सम्पर्क करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपत्ति विचारानीय नह